<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–30.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. 16वें वित्त आयोग की आज रांची में महत्वपूर्ण बैठक, राज्य सरकार केन्द्रीय अनुदान बढ़ाने का रखेगी प्रस्ताव, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर पांच साल का रखेंगे रोडमैप।
2. स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने केन्द्र सरकार से मांगा विशेष स्वास्थ्य पैकेज, एम्स सहित पांच नये मेडिकल कॉलेज देने का भी किया आग्रह।
3. राज्य सरकार ने कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे समेत चार पदाधिकारियों को किया निलंबित।
4. झारखंड में छह जून को प्रवेश कर सकता है मानसून, मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की जतायी संभावना।
5. झारखंड राज्य प्रथम रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से गोड्डा में, 16 जिलों के 150 खिलाड़ी लेंगे भाग।

****************

चार दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची 16वें वित्त आयोग की टीम आज रांची में राज्य सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेगी। बैठक में राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय अनुदान बढ़ाने का प्रस्ताव वित्त आयोग के समक्ष रखेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर राज्य में विकास योजनाओं के पांच वर्ष का रोडमैप भी टीम के सामने रखेगी।

****************

इस बीच झामुमो ने केंद्र सरकार से झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि झारखंड की स्थिति पूर्वोत्तर के राज्यों से अलग नहीं है। ऐसे में राज्य की योजनाओं में केंद्रांश 75 प्रतिशत और शेष 25 प्रतिशत हिस्साा राज्य का होना चाहिए।

इधर, भाजपा ने झामुमो पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह ने कहा है कि जब वित्त आयोग की टीम झारखंड आयी हुई है तो मांग उनके समक्ष रखी जानी चाहिए न कि प्रेस कांफ्रेंस में।

****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्य की सामाजिक–आर्थिक परिस्थिति और आदिवासी बहुल प्रदेश को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। रांची में एम्स की स्थापना, पांच नए मेडिकल कॉलेज और एक मेडिकल सिटी की मांग दोहराते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए. उन्होंने यह मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में रखी।

****************

राज्य सरकार ने कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारियों विनय कुमार चौबे और गजेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इनके अलावा राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को भी सरकार ने निलंबित कर दिया है। हाल ही में राज्य की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने चारों अधिकारियों को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है।

****************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज दोपहर बाद तीन बजे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरों पर आधारित विशेष परिचर्चा का प्रसारण किया जायेगा। परिचर्चा में केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग की सहायक प्रोफेसर डाक्टर अपर्णा और वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा भाग लेंगे।

****************

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

****************

देशभर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। झारखंड में भी इसकी तैयारी तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में गिरडीह जिले में पतंजलि परिवार की ओर एक से छह जून तक विशेष योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक योगाचार्य सूर्य प्रकाश ने बताया इस शिविर मे योग के अलावा पंचकर्म, सत्कर्म, मसाज, यज्ञ, धूम्र चिकित्सा की सेवा लोगों को दी जायेगी।

****************

पाकुड़ जिले के पहाड़ों और जंगलों में रहने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया ग्रामीणों ने लाह की खेती को स्वावलम्बन का जरिया बनाया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- पलामू में रामगढ़ के कुट्टी मोड़ से हुटार तक करीब 24 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। सांसद वीडी राम ने इसका शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण करीब 95 लाख रुपये की लागत से होगा।
- गिरिडीह जिले में पुलिस ने एक दूध ढोने वाले वाहन से दो लाख रुपए मूल्य की विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।
- लोहरदगा जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली में मुख्य रुप से पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी बेला प्रसाद, सांसद सुखदेव भगत, पूर्व मंत्री रामेश्वर उरावं और बंधु तिर्की शामिल हुए।
- गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी प्रखंड के कलाझोर गांव स्थित आजादी के नायक बाबा बीर बैजल सोरेन की 158वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा बैजल का नाम झारखंड आंदोलनकारियों की सूची में शामिल करने की मांग गयी।

****************

मौसम विभाग ने झारखंड में दक्षिण–पश्चिम मामनसू के छह जून को प्रवेश करने की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब का क्षेत्र डीप डिप्रेशन में बदल गया है। ऐसे में राज्य के कई हिस्सों में आज और कल भी तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है

****************

झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ की ओर से गोड्डा में तीन दिवसीय झारखंड राज्य प्रथम रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसमें 16 जिलों से लगभग 150 प्रतिभागी भाग लेंगे। झारखंड राज्य गठन के बाद गोड्डा में पहली बार टेबल टेनिस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने 16वें वित्त आयोग की आज रांची में राज्य सरकार के साथ होने वाली बैठक की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– शराब घोटाला मामले में विनय चौबे नहीं पहुंचे, गजेन्द्र सिंह से पूछताछ।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–वित्त आयोग से संताल परगना के लिए मांगा गया विशेष पैकेज।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आइपीएलः आरसीबी की नौ वर्ष बाद फाइनल में रॉयल इंट्री।

दैनिक जागरण लिखता है– उत्तराखंड की यात्रा पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने चतरा में शादी समारोह में फायरिंग में एक युवक की मौत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे की खबर को प्रमुखता दी है।

**********समाप्त************